दिन–बुधवार दिनांक– 18 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प से बातचीत में स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ मामले सुलझाने में भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया और आगे भी नहीं करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत की और हाल के ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत–अमरीका व्यापार समझौते और भारत–पाकिस्तान के बीच हाल की सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अमरीका की मध्यस्थता को लेकर कभी किसी स्तर पर बातचीत नहीं हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष विराम रोकने को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर बातचीत हुई। ये बातचीत पाकिस्तान के अनुरोध पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच स्थापित माध्यमों के जरिए हुई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया है कि पैंतीस मिनट की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोहराया कि भारत अब आतंकवादी कृत्यों को छद्‌म कार्रवाई नहीं बल्कि युद्ध की कार्रवाई मानेगा।

———————————————————

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में इक्कीस जून को ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग संगम का आयोजन किया जाएगा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक मयंक वड़वड़े ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर इस दिन स्कूल खुले रखने के निर्देश दिये हैं। निर्देश में कहा गया है कि योग संगम का आयोजन सुबह साढ़े छह बजे से पौने आठ बजे तक किया जाएगा। जिसमें शिक्षकों और छात्र–छात्राओं का भाग लेना आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाए।

———————————————————

राज्य के पूर्वी भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णिया, किशनगंज, सुपौल, अररिया और आस–पास के क्षेत्रों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान मध्यम बारिश

दर्ज की गई है। इधर, पटना समेत दक्षिण बिहार के अधिकतर भागों में भी मौसम में तेज परिवर्तन आया है। आंशिक रूप से बादल छाये हुए हैं और कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। जिसके प्रभाव से मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पटना, औरंगाबाद, जहानाबाद और नालंदा जिले में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

———————————————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड में पदस्थापित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी– बीईओ सुधीर कांत शर्मा और लेखा सहायक सुभाष कुमार को एक शिक्षक से रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बीईओ छिहत्तर सौ रूपये और लेखा सहायक सात हजार रूपये रिश्वत ले रहा था। गोटपा आदर्श मध्य विद्यालय के शिक्षक विद्या भूषण ने ट्रेनिंग के दौरान एरियर राशि के भुगतान और सर्विस बुक के संधारण के बदले बीस हजार रूपये की रिश्वत मांगे जाने की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। निगरानी की टीम इन दोनों को गहन पूछताछ के लिए पटना ले गयी है।

———————————————————————————

राज्य के प्रथम उपमुख्यमंत्री बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर विधान मंडल परिसर में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बिहार विभूति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज पटना स्थित राजभवन परिसर में राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय और राजभवन अतिथि गृह की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा भवन निर्माण विभाग के मंत्री जयंत राज उपस्थित थे।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।